KANWHIZZ TMES, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन नौ को

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि भारत के स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीक प्रश्नोत्तरी टीसीएस आईटी विज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन नौ अक्टूबर को किया जाएगा। यह आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पन्न होगा। टीसीएस आईटी विज का लखनऊ संस्करण उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कक्षा आठ से 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संस्था की अनेक टीमें प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। हर टीम में दो सदस्य होने चाहिए। क्षेत्रीय राउंड के बाद राष्ट्रीय फाइनल का आयोजन दिसम्बर में किया जाएगा जिसमें क्षेत्रीय दौर से निकलीं 14 विजेता टीमें टीसीएस आईटी विज के चैम्पियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस साल टीसीएस आईटी विज का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, दिल्ली और मुम्बई में किया जाएगा। विख्यात क्विज मास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे। भाग लेने के लिए छात्रों को सम्बन्धित संस्थाओं के माध्यम से छह अक्टूबर से पहले-पहले टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टीसीएस, अवध पार्क, विभूति खंड, गोमतीनगर को प्रविष्टियां भेजनी होंगी। अधिक जानकारी के लिए छात्रवेबसाइट टीसीएसआईटीविजडॉटकॉम पर जा सकते हैं। क्षेत्रीय विजेताओं को गैलेक्सी नोट दिया जाएगा और विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।